**SET- A**

# मॉडल पेपर –2019

**कक्षा–बारहवीं**

## विषय :– लेखाशास्त्र

समयः 3 घण्टे  पूर्णांक 80

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. प्रत्येक प्रश्न तीन खण्डों में निर्धारित हैं । (अ, ब एवं स)
2. खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं,
3. खण्ड 'ब' एवं 'स' में से कोई भी एक खण्ड हल करना हैं।
4. प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।
5. निर्धारित अंको को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे ।
6. अधिकतम शब्द सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए ही हैं ।

## खण्ड "अ"

**(साझेदारी फर्मो तथा कंपनियों के लिए लेखांकन)**

**निर्देश :-**

**खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न सभी परीक्षार्थीयों के लिए अनिवार्य हैं, प्रश्न क्रमांक 01 से 06 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं तथा वस्तुनिष्ट प्रश्न भी हैं।**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

प्रश्न 01. साझेदारी फर्म में सदस्यों की संख्या अधिकतम हो सकती हैं – [1]

(अ) 10  (ब) 50
(स) 20  (द) 75

प्रश्न 02. ख्याति पर ह्रास – [1]

(अ) अन्य सम्पत्तियों की भाँति लगाया जाता हैं ।
(ब) ऊँची दर से ह्रास लगाया जाता हैं ।
(स) नहीं लगाया जाता हैं।  (द) निम्न दर से ह्रास लगाया जाता हैं।

प्रश्न 03. कम्पनी का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रलेख होता हैं – [1]

(अ) प्रविवरण  (ब) पार्षद अन्तर्नियम
(स) पार्षद सीमा नियम  (द) सदस्यों का रजिस्टर ।

प्रश्न 04. क्या कोई व्यक्ति बिना पूँजी के भी साझेदार बन सकता हैं। [1]

प्रश्न 05. सामान्य लाभ पर जिस लाभ का अधिक्य होता हैं, वह क्या कहलाता हैं? [1]

प्रश्न 06. किस प्रकार की ख्याति का मूल्य सर्वाधिक होता हैं? [1]

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 07 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 03अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द हैं।**

प्रश्न 07. वसूली खाता क्या हैं? इसे कब खोला जाता है? [2+1]

प्रश्न 08. नमा लि. 10रू. वाले 100000 समता अंशो की 2रू. प्रीमियम पर जो आबंटन पर देय हैं। जनता को आमंत्रित किया। भुगतान निम्न प्रकार थें:- आवेदन पर 2रू, आबंटन पर 6रू. (प्रीमियम सहित), शेष प्रथम व अंतिम याचना पर, 5000अंशों पर याचना को छोड़कर शेष राशि प्राप्त हो गईं। **[3]**

प्रश्न 09. अशोका लि. ने 135000रू. लागत की मशीन खरीदी। भूगतान में 100रू वाले 15%ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा क्रय मूल्य का भूगतान किया जायेगा। आवश्यक जर्नल प्रविष्ठियाँ कीजिए । **[3]**

प्रश्न 10. राज एण्ड कंपनी ने 196000रू. की मशीन खरीदी और पूर्ण भुगतान में 100रू. वाले समता अंश 98रू. की दर से पूर्ण प्रदत्त निर्गमित किये। निर्गमित अंश की संख्या ज्ञात करें एवं राज एण्ड कंपनी की पुस्तक में पंजी करें । **[1+2]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 11 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं ।**

प्रश्न 11. स्थायी पूँजी खाता तथा परिवर्तन शील पूँजी खाता में अंतर लिखिए । (कोई चार) **[4]**

अथवा

साझेदारी संलेख की अनुपास्थिति से संबंधित नियम लिखे कोई चार ।

प्रश्न 12. रोहित व बाल जो लाभ 5:3 के अनुपात में बांटते हैं 31 दिस 2016 को उनका चिट्ठा निम्न हैं:- **[3+1]**

| दायित्व | राशि | समाप्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 20000 | ख्याति | 30000 |
| देयबिल | 8000 | भवन | 34000 |
| समान्य संचय | 28000 | संयंत्र | 27000 |
| पूँजी खाता | | फर्नीचर | 4000 |
| रोहित 80000 | | देनदार | 32500 |
| बाल 40000 | 120000 | प्राप्त बिल | 15000 |
| | | रहतिया | 22500 |
| | | बैंक | 11000 |
| | 176000 | | 176000 |

शर्मा को 1/5 भाग हेतु साझेदार बनाया जो 50000रू पूंजी के रूप में देगा । सम्पत्तियों का पुर्नमुल्यांकन निम्न प्रकार किया:- ख्याति 50000रू, संयंत्र 25000रू, देनदार 31000रू., रहतिया 32500रू., भवन 40000रू., फर्नीचर 2000रू., प्राप्त बिल 12500रू., पूर्नमुल्यांकन खाता एवं लाभ विभाजन दर्शाइये ।

अथवा

X,Y और Z एक व्यापार में बराबर के साझेदार हैं। Y, 31दिसंबर 2014 को व्यवसाय से अवकाश ग्रहण करता हैं। उस दिन Y की पूँजी खाते में 30200रू. के क्रेडिट शेष हैं। यह तय हुआ कि इसे उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाये । इसमें से 6200रू. उसे नगद में अवकाश ग्रहण करने पर भुगतान किया जाता हैं। और शेष राशि 5% वार्षिक ब्याज की दर से तीन समान किश्तों में ब्याज सहित भुगतान की जाती हैं। Y का ऋण कुल भुगतान होने तक लिखें । **[1x4]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 13. K,N एवं V साझेदार हैं जो क्रमशः 6:5:3 के अनुपात में लाभ हानि का विभाजन करते हैं। 31 दिसंबर 2016 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :- **[3+3]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 7000 | प्लाण्ट | 14000 |
| सामान्य संचय | 8000 | भवन | 18000 |
| पूँजी K - 16000 | | स्टॉक | 14000 |
| N - 12000 | | देनदार | 6000 |
| V - 10000 | 38000 | रोकड़ | 1000 |
| | **53000** | | **53000** |

उस तिथि पर K निम्न शर्तो पर अवकाश ग्रहण करता हैं:-

1. फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 6000रू. किया गया हैं।
2. स्टॉक व भवन को 8% से वृद्धि किया जाना है।
3. प्लाण्ट को 10% ह्रास करना हैं।

आपको पुर्नमुल्यांकन खाता तथा साझेदारों का पूँजी खाता तैयार करना हैं ।

अथवा

S एवं M 5:3 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हुए 31 दिसंबर 2016 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था ।

**[3+3]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 22000 | नगद | 8000 |
| देय बिल | 18000 | देनदार | 12000 |
| सामान्य संचय | 16000 | रहतियां | 25000 |
| पूंजी खाते | | विनयोग | 10000 |
| S - 35000 | | भूमि व भवन | 61000 |
| M - 25000 | 60000 | | |
| | 116000 | | 116000 |

1 जनवरी 2017 को A को साझेदार बनाया गया । वह पूंजी के रूप में 20000 रू. लाया । नया अनुपात 3:3:2 होगा। नये साझेदार के प्रवेश पर निर्णय लिये । (i) A की ख्याति 10000रू. नगद लाया । (ii) विनियोग का मूल्य 8000रू. रखा गया। (iii) संदिग्ध ऋण के लिय 2000रू. एवं भूमि भवन का मूल्यांकन 85000रू. पर किया जाये । पुर्नमुल्यांकन एवं पूंजीखाता बनाइये ।

प्रश्न 14. A,B,C, एक व्यवसाय में साझेदार हैं। 01.04.2014 को उनकी पूंजी क्रमशः 50000रू., 40000रू., तथा 20000रू. थी साझेदारी संलेख में व्यवस्था हैं कि:- (i) पूंजी पर 5% ब्याज दी जाती हैं । (ii) C वार्षिक वेतन के रूप में 6000रू. प्राप्त करेगा (iii) B कमीशन तथा अन्य विनियोजनों को प्रभारित करने के पश्चात् लाभ का 10% कमीशन प्राप्त करेगा। (iv) लाभ का विभाजन 2:2:1 के अनुपात में होना हैं। (v) आहरण A 8000रू., B 6000रू., C 5000रू. ।

31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ 22500रू था । लाभ-हानि नियोजन खाता तथा साझेदारों का पूँजी खाता तैयार कीजिए । **[3+3]**

अथवा

31 मार्च 2017 को A और B का आर्थिक चिट्ठा तथा उनके लाभ-हानि का अनुपात2/3तथा 1/3था। **[4+2]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| पूँजी | | भवन | 25000 |
| A - 15000 | | संयंत्र एवं मशीनरी | 17500 |
| B - 10000 | 25000 | स्टॉक | 10850 |
| विविध लेनदार | 32950 | देनदार | 4000 |
| | | बैक में रोकड़ | 600 |
| | **57950** | | **57950** |

नीचे लिखे शर्तो पर C को व्यापार में लेने का निर्णय किया (i) व्यापार के लाभ में 1/3 भाग प्राप्त करेगा, C जिसे पूँजी के लिये 7500 रू. एवं ख्याति के लिये 3000रू. लाना हैं। (ii) स्टॉक तथा संयंत्र एवं मशीनरी के मूल्य में 5% की कमी करनी हैं । (iii) देनदार के लिए 12.5% संचिति की व्यवस्था करनी हैं। (iv) भवन के मूल्य को 10% कम करना हैं । (v) ख्याति की रकम पूराने साझेदार द्वारा निकाल लिया जाता हैं।

पूर्नमूल्यांकन खाता एवं पूँजी खाता बनाइये ।

प्रश्न 15. त्रिपाठी लिमिटेड ने 100रू. वाले 1000 ऋणपत्र 10% प्रिमियम पर जारी किये । इन पर रकम इस प्रकार देय थी। 25रू. आवेदन पर, 35रू. (प्रिमियम सहित) आबंटन पर तथा शेष प्रथम मांग पर । एक ऋण पत्रधारी ने 100 ऋणपत्रों पर प्रथम याचना की राशि नहीं चुकाई शेष रकम प्राप्त कर ली गयी । आवश्यक रोजनामचा प्रविष्ठियाँ कीजिए । **[1x6]**

अथवा

A लिमिटेड ने 10 रू. वाले 4000 समता अंश निर्गमित किये । इन पर 2रू. आवेदन पर, 3रू. आबंटन पर और 5रू. प्रथम एवं अंतिम याचना पर देय हैं। सभी राशियाँ प्राप्त हो गयी । परन्तु मोहन जिसके पास 50 समता अंश है, आबंटन एवं प्रथम याचना की राशि का भूगतान नहीं किया और सोहन ने जिसके पास 30 अंश हैं, प्रथम याचना का भूगतान नहीं किया । **[6]**

A लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्ठियाँ दीजिए ।

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 16 से 17 तक अति दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं ।प्रत्येक प्रश्न पर 08 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 16. A,B, तथा C साझेदारी में हैं 31.12.2016 को वे फर्म को समाप्त करने का निर्णय लेते हैं। और B को सभी सम्पत्तियों को बेचने के लिए नियुक्त किया गया B को प्लाण्ट और मशीनरी तथा देनदारो से वसुल हुई राशि पर 10% कमीशन प्राप्त होगा।समापन की तिथि का उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था:-

अंतिम चिट्ठा ( 31.12.2016 को ) **[5+3]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| पूँजी | | प्लाण्ट और मशीनरी | 36450 |
| A - 20000 | | कम्प्यूटर | 8420 |
| B - 12000 | 32000 | देनदार | 16650 |
| लाभ-हानि खाता | 3000 | C की पूँजी | 1280 |
| लेनदार | 25380 | बैंक | 580 |
| देयबिल | 3000 | | |
| | **63380** | | **63380** |

उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन कर दिया गया तथा निम्नलिखित लेनदेन हुएः-
देनदारों से वसूली हुए 15800रू., मशीनरी से 46000रू., ख्याति को 2500रू. में बेचा गया, वसुली व्यय 540 रू., कम्प्यूटर का 20% कम मूल्य पर वसूल किया गया । तथा लेनदार को पुस्तक मूल्य से 200 रू. कम पर, तथा देय बिल को 2200 रू. निपटाया गया । वसूली खाता एवं रोकड़ खाता तैयार कीजिए।

अथवा

M,N, और S का फर्म में पूँजी के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । 31 दिसंबर 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार हैंः- **[4+4]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 21000 | भवन | 100000 |
| पूँजी M- 80000 | | मशीनरी | 50000 |
| N - 40000 | | रहतिया | 18000 |
| S - 40000 | 160000 | देनदार 20000 | |
| सामान्य संचय | 20000 | संदिग्ध ऋण -1000 | 19000 |
| | | बैंक में रोकड़ | 14000 |
| | **201000** | | **201000** |

इस तिथि को N ने फर्म से सेवा निवृत्त होने का निर्णय लिया उसके हिस्से का भूगतान निम्न अनुसार किया जाऐगा :- (i) भवन का मूल्य 20% अधिक पर किया (ii) देनदारो पर डुबत ऋण 15% तक बढ़ाया जाये। (iii) मशीनरी पर 20% ह्रास लगाया जाऐगा । (iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 72000रू. हुआ तथा सेवानिवृत्त साझेदार का भाग शेष साझेदारों में समायोजित किया जाऐगा । पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों का पूँजी खाता तैयार कीजिए ।

प्रश्न 17. X लिमिटेड ने प्रत्येक 100रू. वाले 5000, 9% ऋण पत्र निर्गमित किये । निम्न दशाओं में ऋण पत्रों का निर्गमन के लिये जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिएः- **[2x4]**

(i) यदि ऋणपत्रों को सममूल्य पर निर्गमित एवं सममूल्य पर शोधनीय हो ।

(ii) यदि ऋण पत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया जाये और सममूल्य पर शोधनीय हो

(iii) यदि ऋण पत्रों को 5% के बट्टे पर निर्गमित किया जाये और सममूल्य पर शोधनीय हो

(iv) यदि ऋण पत्र सममूल्य पर निर्गमित किये जाये और 10% प्रीमियम पर शोधनीय हो

अथवा

नागार्जुन कं. लिमिटेड ने जिसकी अधिकृत पूंजी 3000000रू. हैं प्रत्येक 10रू. के 200000 अंशो के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जो 3रू. आवेदन पर, 4रू. आबंटन पर (प्रीमियम सहित) और प्रथम व अंतिम मांग पर 4रू. देय हैं। समस्त अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये ।सभी राशि यथा समय प्राप्त हो गई । रोजनामचा प्रविष्ठियाँ दर्शाइये । **[8]**

## खण्ड "ब"

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं ।**

प्रश्न 18. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :- **[1]**

चिट्ठे को कहा जाता हैं :-

(अ) सम्पत्ति विवरण (ब) दायित्व विवरण

(स) स्थिति विवरण (द) आय विवरण ।

प्रश्न 19. क्या चिट्ठा एक खाता होता हैं? **[1]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 20. कोष प्रवाह विवरण तथा रोकड़ प्रवाह विवरण में मध्य अंतर लिखिए । (कोई चार ) **[1x4]**

अथवा

रोकड़ प्रवाह विवरण से आप क्या समझते हैं? व्याख्या कीजिए । **[4]**

प्रश्न 21. निम्नलिखित सुचना से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए:- **[4]**

| विवरण | 31.12.2016 | 31.12.2017 |
|---|---|---|
| देनदार | 75000 | 60000 |
| प्राप्त विपत्र | 8000 | 12000 |
| लेनदार | 45000 | 50000 |
| देयविपत्र | 10000 | 8000 |
| अदत्त व्यय | 2000 | 3000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 2500 | 2200 |
| उपार्जित आय | 1000 | 1500 |
| अग्रिम प्राप्त आय | 1000 | 0 |

कार्यशील पूँजी में परिवर्तन को पूर्व परिचालन लाभ 125000 रू. था ।

अथवा

दो वर्षो के लिए लक एण्ड कं. के चिट्ठे निम्न प्रकार हैं :- रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए:- **[4]**

| विवरण | 2017 | 2018 |
|---|---|---|
| (I)समता एवं दायित्व | | |
| अंशपूँजी | 200000 | 250000 |
| लाभ-हानि विवरण | 10000 | 23000 |
| व्यापारिक देयताएँ | 70000 | 45000 |
| | **280000** | **318000** |
| (II)सम्पत्तियाँ | | |
| भूमि | 50000 | 66000 |
| रहतिया | 80000 | 90000 |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ | 120000 | 115000 |
| रोकड़ और रोकड़ समतुल्य | 30000 | 47000 |
| | **280000** | **318000** |

प्रश्न 22. निम्नलिखित से तुलनात्मक लाभ-हानि वितरण तैयार कीजिए:- **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| प्रचालन से आय | 400000 | 800000 |
| व्यापारित रहतिया का क्रय | 250000 | 475000 |
| इन्वेण्टरी में परिवर्तन | 50000 | 50000 |
| अन्य व्यय | 10% बेचे गये माल की लागत का | 8% बेचे गये माल की लागत का |
| कर | 40% | 50% |

अथवा

निम्न सूचनाओं से समान आकार चिट्ठा बनाइये । **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| स्थाई सम्पत्तियाँ | 250000 | 560000 |
| विनियोग | 120000 | 112000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 130000 | 128000 |
| समता अंश पूँजी | 300000 | 520000 |
| संचय एवं आधिक्य | 125000 | 136000 |
| चालू दायित्व | 75000 | 144000 |

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । जिस पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 125 शब्द हैं ।**

प्रश्न 23. वित्तीय विवरण के विश्लेषण से क्या आशय हैं? उनके दो उद्देश्य एवं दों सीमाएँ लिखिए। **[2+2+2]**

अथवा

तुलनात्मक वित्तीय विवरण से क्या अभिप्राय हैं? ये विवरण कैसे तैयार किया जाता हैं? **[2+4]**

## <u>खण्ड "स"</u>

## ( कम्प्यूटर लेखांकन )

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं ।**

प्रश्न 18. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (सही विकल्प बताइये) **[1]**

डाटाबेस की भाषाएँ हैं :–

(अ) DBML (ब) DDL

(स) 'अ' और 'ब' दोनों (द) इनमें से कोई नहीं ।

प्रश्न 19. कम्प्यूटर की अस्थायी मेमोरी के नाम बताइये । **[1]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 20. लेखांकन सूचना प्रणाली के लक्षणों को समझाइये । (कोई चार) **[1x4]**

अथवा

कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली के दोष लिखिए । (कोई चार ) **[1x4]**

प्रश्न 21. अनुपात विश्लेषण के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए । (कोई चार) **[1x4]**

**अथवा**

प्रारंभिक प्रविष्टियाँ एवं अन्तिम प्रविष्टियाँ क्या हैं? **[2+2]**

प्रश्न 22. डाटाबेस प्रबंध प्रणाली के कार्यो को समझाइये । (कोई चार) **[1x4]**

**अथवा**

डाटाबेस प्रबंध प्रणाली की हानियाँ लिखिए । (कोई चार ) **[1x4]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । जिस पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 125 शब्द हैं ।**

प्रश्न 23. कम्प्यूटर प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए । (कोई छः) **[1x6]**

अथवा

कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली की सीमायें लिखिए । (कोई छः) **[1x6]**